फेसबुक में मिली शिकायत पर मिनी स्टेडियम पहुँचे महापौर

शोशल मीडिया में फेसबुक के जरिए अपनी समस्या साझा करने वाले खुर्सीपार निवासी सौरभ शर्मा के पोस्ट को संज्ञान में लेते हुवे महापौर देवेंद्र यादव ने जोन 4 खुर्सीपार के अधिकारियों को सूचना प्रेषित कर आज वार्ड 38 न्यू खुर्सीपार स्थित दीनदयाल मिनी स्टेडियम के निरीक्षण पर पहुँचे जहाँ उपस्थित युवाओं एवं अधिकारियों के साथ महापौर ने स्टेडियम का निरीक्षण किया जोकि पूरी तरह जीर्णशीर्ण अवस्था में देखा गया महापौर ने स्टेडियम फील्ड को समतल किए जाने प्रस्ताव तैयार करते हुवे स्टेडियम का लेवलिंग किए जाने निर्देश दिए साथ ही वर्षाकाल में पानी की सही निकासी की व्यवस्था में सुनिश्चित करने कहा स्टेडियम में चारों ओर उग आयी झाड़ियों की कटाई करने के भी निर्देश दिए एवं भविष्य में स्टेडियम को संरक्षित करने का भी विशेष ध्यान रखने कहा इस दौरान उपास्थित युवाओं ने उक्त स्टेडियम में कुछ माह पूर्व लगे आर्मी कैम्प के दौरान से बनी इस अवस्था को लेकर भी जानकारी महापौर के संज्ञान में लायी जिसपर भविष्य में ऐसे कैम्प के दौरान बड़े वाहन अंदर न लाए जाने एवं स्टेडियम की रख रखाव का विशेष ख्याल रखे जाने सूचना पूर्व में ही दे दिए जाने जोन आयुक्त को निर्देशित किया एवं आवश्यकता पड़ने पर स्वयं की ओर से भी अपील करने कहा उक्त निरीक्षण दौरे के दौरान जोन 04 आयुक्त संजय शर्मा, वी के सेमुवल , सब इंजीनियर कु श्वेता वार्ड पार्षद सत्येंद्र बंजारे एवं अन्य वार्डवासी, युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।